तापमान
अधिकतम 33.3 डिग्री
न्यूनतम 14.7 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, सोमवार 6 अप्रैल 2026

**शहर में आज**
- जाट कॉलेज में स्पोर्ट्स मीट सुबह 10 बजे।
- एमडीयू में गैर शिक्षक कर्मचारी की आम सभा सुबह 9 बजे।
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर
- निगमायुक्त की अधिकारियों के साथ बैठक

**खबर संक्षेप**



### सांपला में नशे के साथ युवक गिरफ्तार

**सांपला।** नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट रोहतक की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को काबू किया है। यह कार्रवाई पश्चिमी बाईपास स्थित फ्लाईओवर के नीचे गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तारी की गई है। युवक की पहचान आशीष निवासी जिला सीकर (राजस्थान), जो फिलहाल रोहतक की चारा मंडी में रह रहा था, के रूप में हुई है। पुलिस ने नियमानुसार डीएसपी की निगरानी में तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 1 ग्राम 32 मिलीग्राम एमडीएमए (नशीला पदार्थ) बरामद हुआ। पुलिस ने बरामद ड्रग को कब्जे में लेकर सील कर दिया। इस मामले में थाना सांपला में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

### पैसों के लेन देन को लेकर चली गोली

**सांपला।** खंड के गांव गढ़ी सांपला में रविवार को एक युवक ने गांव के ही व्यक्ति पर गोली चला दी। पुलिस ने जितेंद्र के बयान पर कृष्ण और भूपेंद्र और उसके अन्य साथियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, जितेंद्र ने गांव के ही कृष्ण को पैसे दे रखें है। रविवार को दोनों में पैसों के लेन देन को लेकर कहासुनी हो गई। कृष्ण ने अपने साथी भूपेंद्र को बुला लिया। भूपेंद्र अपने अन्य दोस्तों के साथ मौके पर पहुंचे और पिस्तौल निकाल कर जितेंद्र पर फायर कर दिया। निशाना चूक गया जो बच गया। गोली के बाद हड़कंप मच गया। इस पास के लोग भी मौके पर पहुंचे।आरोपी मौके से भाग गया। पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और कानून कार्रवाई शुरू कर दी।

### साइबर ठगों ने कार्ड बदल कर 75 हजार उड़ाए

**सांपला।** इलाके में साइबर अपराध का एक नया मामला सामने आया है, जहां गांव इस्माइला 9बी निवासी देवेन्द्र से ऑनलाइन ठगी कर ली गई। ठगों ने बैंक अधिकारी बनकर बात की और झांसे में लेकर क्रेडिट कार्ड से 75,002 की राशि निकाल ली। देवेन्द्र ने बताया कि एक महिला ने फोन कर खुद को बैंक कर्मचारी बताया और "कार्ड प्रोटेक्शन स्कीम" बंद कराने की बात कही। विश्वास में लेने के बाद उसने ओटीपी पूछ लिया। ओटीपी साझा करते ही खाते से पैसे कट गए। घटना का पता लगते ही पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### ई-रिक्शा चोरी, अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

**सांपला।** शहर में ई-रिक्शा चोरी का एक मामला सामने आया है। खेड़ी सांपला निवासी ममता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में बताया गया है कि पप्पू नामक चालक ई-रिक्शा लेकर सवारी बैठाकर वार्ड-14 की तरफ गया था। जब वह भासु मंदिर के पास पहुंचा तो सवारी ने उसे सामान लाने के बहाने भेज दिया। इसी दौरान आरोपी ई-रिक्शा लेकर मौके से फरार हो गया। पीड़ित द्वारा आसपास काफी तलाश की गई, लेकिन ई-रिक्शा का कोई सुराग नहीं लग पाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## महम में धन्यवाद एवं विकास रैली में बोले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

# गुमराह कर रहा विपक्ष, किसानों का एक-एक दाना खरीदा जाएगा

- कांग्रेस ने केवल 10 साल में झूठ बोलकर वोट बटोरने का कार्य किया
- 202 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास
- सभी क्षेत्रों में बिना भेदभाव के विकास महम में 1328 करोड़ से ज्यादा खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है, अब किसानों को खरीद के नाम पर गुमराह किया जा रहा है। इनके समय में जो भ्रष्टाचार चलता था, वो दुकाने अब बंद हो गई हैं तो इन्हें दर्द हो रहा है, लेकिन मैं, प्रदेश के किसानों को विश्वास दिलाता हूं कि किसानों का एक एक दाना खरीदा जाएगा। मुख्यमंत्री रविवार को महम में आयोजित धन्यवाद एवं विकास रैली को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सीएम ने 202 करोड़ 77 लाख रुपये लागत की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास किए हैं। मुख्यमंत्री ने हलके के विकास के लिए 10 करोड़ रुपये देने की भी घोषणा की, साथ ही रैली संयोजक एवं राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा द्वारा रखे गए मांग पत्र की सभी मांगों का अवलोकन करवाने उपरांत लागू करवाने का आश्वासन भी दिया। सीएम ने अपने संबोधन में कहा कि महम की धरती हरियाणा के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मानचित्र पर विशेष स्थान रखती है।







महम। विकास परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास करते एवं विकास रैली को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

### महम की धरती लोकतांत्रिक मूल्यों, राजनीति परंपरा और सामाजिक चेतना का सशक्त केंद्र

महम की धरती लोकतांत्रिक मूल्यों, राजनीति, परंपरा और सामाजिक चेतना का एक सशक्त केंद्र है। हम सब जानते हैं कि महम चौबीसी के चबूतरे पर लिए गए फैसलों ने हमेशा समाज को दिशा दी है। यह सामूहिक नेतृत्व, भाईचारे, न्याय और जनमत की शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को धरातल पर उतारा है। सरकार ने विकास करते समय इस बात का ध्यान नहीं रखा कि वह क्षेत्र हमारी पार्टी के विधायक का है अथवा विपक्ष के विधायक का। इसका प्रमाण यह है कि सरकार ने महम हलके में विकास कार्यों पर पिछले साढ़े 11 वर्षों में 1 हजार 328 करोड़ रुपये खर्च किए हैं,जबकि, कांग्रेस के 10 साल के शासनकाल में मात्र 584 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे।

### सरकार की नीतियां व कार्यशैली पारदर्शी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार की नीतियां और कार्यशैली पारदर्शिता, जवाबदेही और विकास को समर्पित हैं, जिससे हर वर्ग को समान रूप से लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि महाग्राम योजना में गांव निंदाना में जलापूर्ति योजना संवर्धन का काम 12 करोड़ 79 लाख रुपये की लागत से किया गया है। इसी गाँव में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम 28 करोड़ 18 लाख रुपये की लागत से जारी है।

### इन गांवों में होगा स्कूलों का निर्माण

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान हित वर्तमान सरकार की नीतियों के केंद्र में है। वर्तमान सरकार द्वारा करवाएं गए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि गांव खरक जाटान, निदाना, बहलबा, अजायब व बहु-अकबरपुर में 14 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से स्कूल भवनों का निर्माण किया गया। इसी तरह से गांव मोखरा में 13 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से सब माइनर की मरम्मत का कार्य किया गया।

### 11 वर्षों के कार्यकाल में 121 अनाउंसमेंट, 105 पूरे

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ने कहा कि महम हलके के विकास को गति देने के लिए बीजेपी के साढ़े 11 वर्षों के कार्यकाल में 121 सीएम अनाउंसमेंट हुई। इनमें से 105 का काम पूरा हो चुका है तथा शेष पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार केवल घोषणाएं करने तक सीमित नहीं रहती, बल्कि उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि प्रदेश सरकार अपने वादों को पूरा करने के प्रति गंभीर है और इसका प्रमाण यह है कि पिछले विधानसभा चुनावों में किए गए संकल्प-पत्र के 217 वादों में से 60 को मात्र डेढ़ वर्ष के भीतर पूरा कर दिया गया है।

### किसी भी किसान को परेशानी नहीं होगी

किसानों को विपक्ष द्वारा गेट पास के नाम पर झूठ फैलाते हुए गुमराह करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन सरकार ने ऐसी व्यवस्था की है कि किसी भी किसान को परेशानी नहीं होगी। फसल खरीद के लिए ड्यूटियां सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने 11 सालों में किसानों को मुआवजे और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 16 हजार 160 करोड़ रुपये की राशि दी है,लेकिन, कांग्रेस सरकार के 10 साल के शासनकाल में 1 हजार 138 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि जारी की गई थी। कांग्रेस सरकार तो किसानों की 269 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि बकाया छोड़कर चली गई थी।

### हर वर्ग को ध्यान में रखकर हो रहे कार्य : रामचंद्र जांगड़ा

रैली संयोजक रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य करवा रही है। उन्होंने इस दौरान महम हलके की विकास परियोजनाओं से संबंधित मांग पत्र भी पढ़ा। जांगड़ा ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि जनता की मांगों को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जरूर पूरा करेंगे। पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि महम हलका विकास के मामले में पिछड़ गया था, लेकिन बीजेपी सरकार ने इसकी संभाल करने का काम किया है। अब यहां भी विकास कार्य तेजी से करवाये जा रहे है।

### ये रहे मौजूद

लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा, पूर्व मंत्री कृष्ण मूर्ति हुड्डा, नगर निगम मेयर रामअवतार वाल्मीकि, भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, भाजपा जिला प्रभारी सतेंद्र परमार, प्रदेश कोषाध्यक्ष, अजय बंसल, जिला परिषद रोहतक की पेयरपर्सन मंजू हुड्डा, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रेनू डाबला, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर खरक, अजीत अहलावत, नगरपालिका के वाइस चेयरमैन बंसत गिरधर, उपायुक्त सचिन गुप्ता, नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा, पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित आदि मौजूद रहे।



## गांवों के विकास के लिए 10 करोड़ देने की घोषणा

### लेकिन जिन योजनाओं के पूरा होने का इंतजार था उनका नाम तक नहीं लिया

राजकुमार नरवाल ▶▶| महम

रविवार 5 अप्रैल को महम के राजकीय महाविद्यालय ग्राउंड में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विकास रैली थी। मुख्यमंत्री विकास रैली में पहुंचे तो लोगों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। महम हलके की जनता का जोश देखते ही बन रहा था। क्योंकि प्रदेश के मुखिया उनके यहां आए थे। महम के लोगों ने उनके स्वागत में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। मुख्यमंत्री से उनको बहुत ज्यादा उम्मीद भी थी। उन्हें लग रहा था कि आज मुख्यमंत्री आए तो खूब बरसेंगे। महम में विकास की कोई कमी नहीं रहेगी। सीएम ने महम के गांवों को 10 करोड़ देने का ऐलान किया, लेकिन जिन योजनाओं के पूरा होने का इंतजार था उनका नाम तक नहीं लिया। इससे लोगों में रोष देखने को भी मिला।

### जांगड़ा ने रखा मांगपत्र

महम शहर और विस क्षेत्र के गांवों से लोग आए तो बहुत जोश के साथ थे। लेकिन वे मायूस होकर लौटे। क्योंकि मुख्यमंत्री के सामने रामचंद्र जांगड़ा ने हलके की जनता की ओर से जो मांग पत्र रखा था, उसमें से सीएम कोई भी घोषणा नहीं की। जनता के बीच चर्चा है कि मुख्यमंत्री महम की मांगों को बाइपास कर गए। राज्यसभा सांसद ने मुख्यमंत्री के समक्ष मांग रखते हुए कहा था कि महम में महिला कॉलेज बनाया जाए। महम में उत्तरी बाइपास बनाया जाए। नया अस्पताल बनाया जाए।

### मंच से दो बार 5-5 करोड़ देने का ऐलान

मंच से मुख्यमंत्री ने एक बार तो महम के गांवों के विकास के लिए पांच करोड़ रुपये की घोषणा की। उसके बाद फिर रामचंद्र जांगड़ा मंच से उठकर सीएम के पास पहुंच गए और वहां पर विनती की। उसके बाद पांच करोड़ रुपये और जोड़ दिए गए। बाद में दस करोड़ रुपये देने की मंच से सीएम ने घोषणा की। कहा कि जांगड़ा जी समझा करो पार्टी का कोई सिस्टम होता है। यहां दीपक हुड्डा भी पार्टी के उम्मीदवार रहे हैं। मुख्यमंत्री ने रैली के मंच से भाजपा नेताओं से एकजुट रहने का संदेश भी दिया।

### कई परियोजनाओं की घोषणा नहीं हुई

अस्पताल में आधुनिक स्वास्थ्य जांच मशीनें दी जाएं। महम में नया बस स्टैंड बनाया जाए। यहां रिहायशी सेक्टर बनाया जाए। जांगड़ा ने मंच से कहा था कि महम रेलवे स्टेशन तक रास्ता कच्चा पड़ा है। इसके अलावा भी कई मांग मुख्यमंत्री के सामने रखी गई थी। यह भी कहा गया था कि निंदाना गांव को लाखन माजरा उपतहसील में लगाया गया है। उसको वहां से महम तहसील में शामिल किया जाए, ताकि गांव के लोगों को दोनों जगह चक्कर न काटने पड़ें। महम हलके की जनता को सीएम की रैली में जिन योजनाओं की घोषणा किए जाने की उम्मीद थी, सीएम ने उनमें से किसी का नाम तक नहीं लिया।

छोटूराम नगर का मामला, शव कमरे में बेड पर पड़ा मिला सुसाइड नोट भी नहीं मिला

## बुजुर्ग ने सल्फास खाकर दे दी जान, कारणों का खुलासा नहीं

हरिभूमि ▶▶| रोहतक

शहर के छोटूराम नगर में एक बुजुर्ग ने सल्फास की गोलियां खाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुरानी सब्जी मंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीजीआई भेजा गया। पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है। मृतक की पहचान 65 वर्षीय सूरत सिंह पुत्र राम स्वरूप निवासी छोटूराम नगर के रूप में हुई। सूरत का शव कमरे में बेड पर पड़ा मिला। परिजनों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी।



रोहतक। मौके पर जांच करतीं फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉ. सरोज दहिया।

सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर जांच शुरू की। आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने मौके पर फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉ. सरोज दहिया को मौके पर बुलाया। डॉ. सरोज दहिया ने मृतक की जांच पड़ताल की तो पाया कि सल्फास की गोलियां खाई गई हैं। पुलिस की जांच पड़ताल में मृतक के पास कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ।

पुरानी सब्जी मंडी थाना पुलिस ने बताया कि उन्हें एक बुजुर्ग के आत्महत्या करने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। प्राथमिक जांच में सल्फास की गोली खाकर आत्महत्या करना पाया गया।

पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए डेड हाउस में रखवा दिया, जिसका पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंपा जाएगा। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

## सभी तैयारियां पूरी, सुपर 100 लेवल-2 प्रवेश परीक्षा 19 अप्रैल से शुरू होगी

- एडमिट कार्ड विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवाए गए

हरिभूमि ▶▶| रोहतक

हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने सत्र 2026-28 के लिए हरियाणा सुपर 100 लेवल-2 प्रवेश परीक्षा का विस्तृत शेड्यूल जारी कर दिया है। विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार विकल्प फाउंडेशन ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित होने वाली यह परीक्षा 19 अप्रैल से 27 अप्रैल के बीच कुरुक्षेत्र में तीन अलग-अलग बैचों में संपन्न होगी। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड 5 अप्रैल से आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिए गए हैं। जिला विज्ञान विशेषज्ञ समीर मान ने बताया कि प्रदेश भर से कुल 2113 विद्यार्थियों को इस परीक्षा के लिए चयनित किया गया है। शेड्यूल के मुताबिक पहले बैच की परीक्षा 19 से 21 अप्रैल तक होगी, जिसमें हिसार, भिवानी, रेवाड़ी, फरीदाबाद, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, पलवल और नूंह जिलों के 749 छात्र शामिल होंगे। दूसरा बैच 22 से 24 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें जींद, पानीपत, सिरसा, फतेहाबाद और सोनीपत के 738 विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। अंतिम बैच 25 से 27 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें रोहतक, झज्जर, गुरुग्राम, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर, पंचकूला और अंबाला के 626 परीक्षार्थी शामिल होंगे। सभी चयनित विद्यार्थियों को कुरुक्षेत्र के गांव-बरना स्थित सुपर 100 कैंपस में पंजीकरण वाले दिन सुबह 9 बजे रिपोर्ट करना अनिवार्य है, जिसके बाद दोपहर 12 बजे के बाद किसी भी छात्र को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

**गैस संकट से जूझ रहे छोटे कारोबारियों की बढ़ी मुश्किलें, काम धंधे चौपट, पलायन को मजबूर**

## रेहड़ी वालों को 'छोटू' देगा बड़ा सहारा

### सीमित उपलब्धता के कारण 5 किलो के सिलेंडर भी नहीं दे पा रहे पूरी राहत

- चाय-नाश्ते की रेहड़ियों पर संकट, महंगी गैस और कम सप्लाई से पड़ी दोहरी मार

हरिभूमि ▶▶| रोहतक

शहर में एलपीजी गैस का संकट थमने का नाम नहीं ले रहा है, जिसका सीधा असर रोज़मर्रा की आजीविका चलाने वाले रेहड़ी संचालकों पर भी पड़ रहा है। चाय, नाश्ता और छोटे खाद्य पदार्थ बेचकर परिवार का गुजारा करने वाले इन लोगों के सामने चूल्हा जलाए रखना भी बड़ी चुनौती बन गया है। बड़े गैस सिलेंडरों की कमी के चलते उन्हें या तो महंगे दामों पर गैस खरीदनी पड़ रही है या काम सीमित करना पड़ रहा है। हालांकि इस बीच, 5 किलोग्राम का 'छोटू' एलपीजी सिलेंडर एक विकल्प के रूप में सामने आया है, जो खासतौर पर छोटे कारोबारियों और रेहड़ी-पटरी वालों के लिए उपलब्ध है। हालांकि, इसकी उपलब्धता सीमित होने से यह भी पूरी राहत नहीं दे पा रहा है। रेहड़ियों पर संकट मंडरा रहा है। अब इन पर महंगी गैस और कम सप्लाई से दोहरी मार पड़ रही है। प्रवासी श्रमिक पलायन को मजबूर हो रहे हैं। अब सवाल यह उठता है कि आखिर कब तक यह संकट खत्म होगा। रेहड़ी संचालक जल्द ही गैस आपूर्ति सामान्य की उम्मीद लगाए बैठे हैं।



### खाद्य एवं आपूर्ति विभाग देगा 5 किलो के गैस सिलेंडर

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने प्रवासी श्रमिकों को राहत देने के लिए नई पहल भी शुरू की है। विभाग के निरीक्षक हरिओम के अनुसार, मुख्यालय के निर्देश पर उन क्षेत्रों की पहचान की जा रही है, जहां बड़ी संख्या में प्रवासी श्रमिक रहते हैं, जैसे ईंट-भट्ठे और औद्योगिक क्षेत्र। इन क्षेत्रों में श्रमिकों को उनकी जरूरत के अनुसार 5 किलो के गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए उन्हें केवल एक पहचान पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो और निर्धारित सिक्योरिटी राशि जमा करनी होगी।

### बड़ा सवाल, कब खत्म होगा संकट

ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर कब तक यह संकट खत्म होगा और छोटे व्यापारियों को राहत मिलेगी। फिलहाल, रेहड़ी संचालक उम्मीद लगाए बैठे हैं कि जल्द ही गैस आपूर्ति सामान्य होगी, ताकि उनका कामकाज फिर से पटरी पर लौट सके।

### राहत भरी पहल

- प्रवासी श्रमिकों के क्षेत्रों की पहचान शुरू
- ईंट-भट्ठों और औद्योगिक इलाकों पर विशेष फोकस
- 5 किलो गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की योजना
- पहचान पत्र और सिक्योरिटी राशि पर्याप्त
- अब तक 109 गैस सिलेंडर जब्त
- लगातार छापेमारी जारी
- घरेलू गैस के दुरुपयोग पर रोक
- जरूरतमंदों तक आपूर्ति सुनिश्चित कर रहे

### ऐसे मिलेगा 'छोटू'

- छोटे कारोबारियों, श्रमिकों और रेहड़ी वालों को मिलेगा।
- आधार कार्ड/पहचान पत्र जरूरी।
- पासपोर्ट साइज फोटो और मोबाइल नंबर अनिवार्य।
- कुछ जगह स्थानीय पते का प्रमाण भी देना होगा।

### कीमत और शर्तें

- 5 किलो सिलेंडर की कीमत करीब 600 रुपये।
- पहली बार सिक्योरिटी डिपॉजिट देना होगा।
- बाद में केवल रिफिल शुल्क।
- बिना स्थायी कनेक्शन के भी उपलब्ध।

### युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। युवक से दो देसी पिस्तौल व 4 कारतूस बरामद हुए हैं। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर कार्रवाई की गई है।



प्रभारी एवीटी एवं पीओ स्टाफ उप निरीक्षक रामबीर कुमार ने बताया कि हेड कांस्टेबल कृष्ण के नेतृत्व में पुलिस टीम भिवानी स्टैंड महम के पास गश्त में मौजूद थी। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुये महम आउटर बाईपास भैणा भैरो रोड फ्लाईओवर के नीचे खड़े युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान दिक्षित निवासी गांव बडेसरा हाल विधानगर भिवानी के रुप में हुई। तलाशी लेने पर युवक के पास से दो देसी पिस्तौल व कारतूस बरामद हुए।

# आढ़ती हड़ताल पर, पांच दिन से गेहूं एक दाना तक नहीं खरीदा

## बारिश ने भी किया किसानों को परेशान, गेहूं में बढ़ी नमी

- एक और पश्चिमी विक्षोभ ने बढ़ाई चिंता व बारिश हुई तो बर्बाद हो जाएगी फसल
- गेहूं के रंग और गुणवत्ता में आ रहा फर्क, अब आठ अप्रैल तक अंधड़, बारिश और बूंदाबांदी के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रुक-रुककर हो रही बेमौसमी बारिश ने खेतों और मंडियों में गेहूं की खराब माटी कर दी है। अब फसल नहीं, किसानों की चिंताएं तोली जा रही है। गेहूं का दाना काला पड़ चुका है, चमक गायब है और उम्मीदें धुंध में लिपटी खड़ी हैं। किसान परेशान हैं, आढ़ती असमंजस में हैं और सरकारी खरीद मशीनरी जैसे ब्रेक पर खड़ी है। रोहतक जिला इसका उदाहरण है। पिछले पांच दिनों में यहां सरकारी एजेंसियों ने एक दाने की भी खरीद नहीं की। वजह साफ है कि एजेंसियों को चमकदार पीला गेहूं चाहिए, जबकि मंडियों में पहुंच रहा अनाज बारिश की मार से रंग और गुणवत्ता दोनों खो चुका है। जो दाना खेत से मंडी तक आया, वह मानकों की चौखट पर अटक गया। स्थिति सिर्फ रोहतक तक सीमित नहीं है। पूरे प्रदेश में आढ़तियों ने गेहूं खरीद का बहिष्कार कर दिया है। यह ठहराव सिर्फ लेन-देन का नहीं, बल्कि पूरे कृषि चक्र का है। जहां एक कड़ी अटकी, तो पूरी व्यवस्था जाम।

### 20 प्रतिशत तक पहुंची नमी

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, लगातार नमी और खेतों में पानी रुकने के कारण गेहूं में नमी का स्तर बढ़कर 16 से 20 प्रतिशत तक पहुंच गया है। जबकि सरकारी खरीद के लिए तय मानकों के मुताबिक गेहूं में अधिकतम 12 प्रतिशत नमी ही स्वीकार्य है। इससे अधिक नमी वाले अनाज को या तो रिजेक्ट किया जाता है या कटौती के साथ खरीदा जाता है। नमी बढ़ने से गेहूं का दाना काला पड़ रहा है और उसकी चमक व वजन भी प्रभावित हो रहा है, जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। मंडियों में यही वजह है कि बड़ी मात्रा में फसल पहुंचने के बावजूद खरीद प्रक्रिया धीमी पड़ी है। मौसम साफ होने और धूप निकलने के बाद ही नमी में कमी आएगी, तब जाकर खरीद में तेजी संभव है, ये विशेषज्ञों का कहना है।




### सीधा सवाल... क्या नियमों में दी जाएगी ढील

इन हालातों में किसान और आढ़ती की निगाहें अब सरकार पर टिक गई हैं। सवाल सीधा है कि क्या खरीद नियमों में ढील दी जाएगी। क्योंकि मौजूदा मानकों पर यह गेहूं फेल है, जबकि हकीकत में यह मौसम की मार झेलकर आया जख्मी अनाज है। अगर नियम नहीं बदले, तो मंडियों का सन्नाटा लंबा खिंच सकता है। रोहतक अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के संयोजक हर्ष गिरधर कहते हैं कि जब तक गुणवत्ता मानकों में लचीलापन नहीं आएगा, खरीद शुरू करना घाटे का सौदा होगा। वहीं किसान कह रहे हैं कि प्राकृतिक आपदा की कीमत उनसे वसूलना न्याय नहीं। यह टकराव अब दबाव में बदल रहा है। और दबाव का रुख सीधा सरकार की ओर है। राजनीतिक गणित भी इस पूरे घटनाक्रम के बीच खड़ा दिखाई देता है। हरियाणा में किसान सबसे बड़ा वोटर है। ऐसे में सरकार के लिए यह सिर्फ खरीद का मसला नहीं, भरोसे का भी है।

### मंडियों में खरीदार नहीं

मालूम हो कि वर्ष 2025-26 में हरियाणा में गेहूं की कुल बुवाई लगभग 24.63 लाख हेक्टेयर में हुई है, जिसमें रोहतक जिले का हिस्सा करीब 70 से 75 हजार हेक्टेयर है। इतने बड़े रकबे की फसल अगर मानकों के जाल में उलझी रही, तो इसका आर्थिक असर भी व्यापक होगा। फिलहाल तस्वीर यह है कि मंडियों में गेहूं है, खरीदार नहीं। ट्रॉलियां हैं, पर तो नहीं। उम्मीद है, पर समाधान नहीं। अब देखना यही है कि सरकार नियमों की दीवार को थोड़ा झुकाती है या किसान-आढ़ती को उसी दीवार से सिर टकराते रहने के लिए छोड़ देती है। क्योंकि लगातार हो रही बारिश से इस बार सवाल सिर्फ खरीद का नहीं, बल्कि खेती के भरोसे का है।

### ये किया जा सकता है

सरकार खरीद नियमों में कुछ व्यावहारिक छूट दे सकती है। सबसे पहले, नमी की तय सीमा में 2 से 3 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की जा सकती है, ताकि हल्की भीगी फसल भी मंडियों में रिजेक्ट न हो। इसके अलावा दाने के रंग बदलने, हल्की चमक कम होने या टूटे दानों की सीमा में भी नरमी दी जा सकती है। खरीद मानकों में अस्थायी ढील देना हो सकता है, जिससे बारिश प्रभावित गेहूं की खरीद जारी रह सके। साथ ही, किसानों को सूखाई के लिए अतिरिक्त समय या मंडियों में अस्थायी सुखाने की व्यवस्था भी बढ़ाई जा सकती है। ध्यान ये भी रहे कि सरकार पूरी तरह से गुणवत्ता से समझौता नहीं कर सकती, क्योंकि इसका असर भंडारण और सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर पड़ता है। इसलिए संतुलन जरूरी है। ऐसे उपाय किए जाएं कि जिसमें किसान को राहत मिले और अनाज की उपयोगिता भी बनी रहे।

### ये भी जानें किसान

किसान हकों के लिए न्यायलयों में लड़ाई लड़ने वाले भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के सेवानिवृत्त मुख्य वैज्ञानिक एवं करनाल निवासी डॉ. वीरेंद्र सिंह लाठर ने कहा कि आढ़तियों द्वारा सरकारी खरीद में फसल की झराई, भराई, तुलाई, सफाई आदि कार्यों के लिए किसान से पैसे लेना अवैध है। क्योंकि सरकार आढ़तियों को कमीशन के अतिरिक्त सभी खर्चों के लिए अलग से पैसा देती है।

### पश्चिमी विक्षोभ गतिविधियां जारी

बारिश ने इस बार समय और संतुलन दोनों बिगाड़ दिए हैं। कटाई के बाद खुला पड़ा गेहूं भीग गया, नमी बढ़ी और दाने काले पड़ने लगे। अब यह अनाज न तो आसानी से बिक पा रहा है, न ही सरकारी मापदंडों पर खरा उतर रहा है। किसान के लिए यह सिर्फ फसल नहीं, साल भर की मेहनत और कर्ज का हिसाब है, जो अब मंडी के फर्श पर अटका पड़ा है। मौसम भी फिलहाल कोई राहत देने के मूड में नहीं दिख रहा। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा जारी पूर्वानुमान के मुताबिक सोमवार रात से एक और पश्चिमी विक्षोभ हरियाणा में सक्रिय होने जा रहा है। यानी आसमान अभी और परीक्षा लेने को तैयार है। इस विक्षोभ का असर 8 अप्रैल तक जारी रहने की आशंका है। इस दौरान फिर से बारिश हुई, तो जो थोड़ा-बहुत बचा है, वह भी गुणवत्ता की दौड़ से बाहर हो सकता है।

# हरियाणा व्यापार मंडल अध्यक्ष ने रोहतक मंडी का दौरा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- गलत नियमों व अव्यवस्थाओं के चलते किसान और आढ़ती परेशान

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष एवं हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने रविवार को रोहतक अनाज मंडी के दौरे के दौरान किसानों और आढ़तियों की समस्याओं को गंभीर बताते हुए सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि गलत नियमों और अव्यवस्थाओं के कारण किसान और आढ़ती आर्थिक संकट के कगार पर पहुंच गए हैं। सरकार द्वारा ट्रैक्टर वेरिफिकेशन, बायोमेट्रिक और तीन गारंटर जैसे नए नियम लागू कर किसानों और आढ़तियों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है, जिससे उनमें भारी नाराजगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि अनाज खरीद के दौरान तीन स्तरों पर रिश्वत ली जा रही है। किसान जब अनाज लेकर मंडी में आता है, तब बोरी के नाम पर, फिर उठान के समय ठेकेदारों द्वारा और अंत में एफसीआई गोदाम में गाड़ी लगाने के नाम पर अधिकारियों को भुगतान करना पड़ता है। इस अवसर पर रोहतक मंडी प्रधान सतीश शर्मा, उप प्रधान सुरेश कुमार, पूर्व प्रधान डिंपल कुमार, सचिव वीरेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष सत्यपाल, व्यापार मंडल के प्रदेश महासचिव रमेश खुराना, व्यापार मंडल घड़ी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष गौरव मित्तल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राज्य अत्री, प्रदेश संगठन मंत्री राजेंद्र बंसल, सुरेंद्र भारद्वाज, रिंकू सिंह सुरेंद्र कुमार, राजेश बंसल, पवन कुमार, जयपाल, रामवीर, जय भगवान, सुरेंद्र कुमार आदि आढ़ती व किसान मौजूद रहे।

### मंडियों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

गर्ग ने कहा कि सरकार की ओर से मंडियों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। हालिया बारिश के चलते गेहूं और सरसों की फसल भीग गई, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। इसके बावजूद नमी के नाम पर हर साल आढ़तियों के लाखों रुपये काट लिए जाते हैं, जो पूरी तरह गलत है। उन्होंने मांग की कि अनाज खरीद के बाद उसकी जिम्मेदारी संबंधित सरकारी एजेंसियों की होनी चाहिए और यदि उठान में देरी से नुकसान होता है तो उसकी भरपाई अधिकारियों और ठेकेदारों से की जाए। उन्होंने सरकार से भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और खरीद, उठान व भुगतान की प्रक्रिया 72 घंटे के भीतर पूरी करने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने गेहूं और सरसों पर 500 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने की भी मांग उठाई। इस मौके पर व्यापार मंडल के कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान व आढ़ती मौजूद रहे।

# किसान सभा ने सांपला मंडी का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अखिल भारतीय किसान सभा रोहतक ने रविवार को सांपला मंडी का दौरा कर खरीद व्यवस्था का जायजा लिया और सरकार द्वारा लागू किए गए नए नियमों का विरोध जताया। जिला प्रधान सुनील मलिक ने कहा कि सरकार द्वारा लागू किए गए नए नियम किसानों के लिए राहत नहीं, बल्कि नई परेशानी बनकर उभरे हैं। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर प्लेट अनिवार्यता, पंजीकृत किसान का बायोमेट्रिक मिलान जैसे अंगूठा या आंख स्कैन, गुणवत्ता के नाम पर सख्ती और फसल पंजीकरण जैसे नियम किसानों के लिए मुश्किलें बढ़ा रहे हैं। इन प्रक्रियाओं के चलते मंडियों में लंबी कतारें लग रही हैं और खरीद प्रक्रिया धीमी पड़ गई है।



### खरीद नहीं, किसानों पर आर्थिक दबाव

किसान नेता सुनील मलिक ने आरोप लगाया कि अब तक मंडियों में पहुंची गेहूं की पूरी खरीद नहीं हो पाई है, जिससे किसान आर्थिक दबाव में हैं। ऊपर से मौसम की मार ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। किसान सभा ने सरकार से अपील की कि वह अपने रवैये में बदलाव लाते हुए किसान हित में इन नियमों को तुरंत वापस ले। किसान सभा के अनुसार मंडियों में व्यवस्थाएं भी अधूरी हैं और खुले में पड़ी फसल को नुकसान का खतरा बना हुआ है। उन्होंने खरीद प्रक्रिया तेज करने और उठान में तेजी लाने की मांग की। जिला उप प्रधान प्रीत सिंह ने भी इन नियमों को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि आढ़ती एसोसिएशन की हड़ताल का किसान सभा समर्थन करती है। इस दौरान नरेंद्र मलिक, अशोक राठी, वेदपाल, जयभगवान, सुमित दलाल, सुभाष और नवीन सहित कई किसान मौजूद रहे।

# पैथोलॉजिस्ट्स एंड माइक्रोबायोलॉजिट्स सम्मेलन में पहुंचे 10 राज्यों के विशेषज्ञों ने किया वैज्ञानिक संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- ज्ञान और सृजन का अद्भुत उत्सव है आईएपीएम कॉन्फ्रेंस : कुलपति डॉ. एच के अग्रवाल

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के पैथोलॉजी विभाग द्वारा नॉर्थ-वेस्ट चैप्टर ऑफ इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैथोलॉजिस्ट्स एंड माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स (आईएपीएम) का वार्षिक सम्मेलन रविवार को सुश्रुत सभागार में आयोजित किया गया। पैथोलॉजी में वर्तमान दृष्टिकोण विषय पर आधारित इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। कुलपति डॉ. एच के अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि पीजीआईएमएस के पैथोलॉजी विभाग द्वारा संस्थान में पहली बार इतने बड़े स्तर की कॉन्फ्रेंस का आयोजन करवाना बड़े गर्व की बात है। उन्होंने इसे ज्ञान और सृजनशीलता का उत्सव बताते हुए कहा कि यहां आए अनुभवी विशेषज्ञों से युवा रेजिडेंट्स को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। डॉ. अग्रवाल ने ई-पोस्टर और ई-प्रेजेंटेशन की गुणवत्ता की सराहना की और विभाग को स्थापना काल से अब तक का एक एलुमनाई डेटा तैयार करने का सुझाव दिया। डॉ. अग्रवाल ने आयोजन के लिए डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. निशा मारवाह, डॉ. संजय कुमार और डॉ. संत प्रकाश कटारिया को बधाई देते हुए कहा कि वह इस वैज्ञानिक संवाद का शुभारंभ करके अत्यंत प्रसन्न हैं। कुलसचिव डॉ. रूप सिंह ने सम्मेलन की सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाते हैं।



**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते कुलपति डॉ. एच के अग्रवाल। *फोटो : हरिभूमि*

### इन्हें मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

डॉ. निशा ने बताया कि पैथोलॉजी के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सम्मेलन में वरिष्ठ डॉक्टरों को विशेष रूप से लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया जिसमें डॉ. उमा सिंह,डॉ. सत्यवीर माथुर, डॉ. राजीव सेन,डॉ. विनय कमल,डॉ. हर्ष मोहन को यह प्रतिष्ठित अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

### ये रहे मौजूद

वहीं डॉ. शांतिका ने कहा कि आने वाले समय में डिजिटल पैथोलॉजी और एआई तकनीक पर अधिक काम करना होगा। डॉ. निशा मारवाह बताया कि सम्मेलन में पैथोलॉजी के एक सोवेनियर का भी विमोचन किया गया। इस दौरान कुलसचिव डॉ. रूप सिंह, डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. एमजी वशिष्ठ और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल, हरियाणा चिकित्सा परिषद के रजिस्ट्रार डॉ. मंदीप सचदेवा सहित अन्य वरिष्ठ डॉक्टर मौजूद रहे।

### पोस्टर प्रस्तुति चिकित्सा के लिए अत्यंत लाभकारी

कांफ्रेंस की अध्यक्ष डॉ. सुनीता सिंह ने कॉन्फ्रेंस में आने के लिए सभी का स्वागत किया और कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन चिकित्सा क्षेत्र के दिग्गजों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान और वैज्ञानिक संवाद को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य पैथोलॉजी के क्षेत्र में हो रही नवीनतम तकनीकी प्रगति को साझा करना है। कांफ्रेंस के जनरल सेक्रेटरी डॉ. संजय कुमार ने कार्यक्रम के अंत में सभी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए बताया कि आज की इस कॉन्फ्रेंस में 10 अलग-अलग राज्यों से चिकित्सक और विशेषज्ञ आए हुए हैं। उन्होंने जानकारी दी कि विभिन्न संस्थानों के संकाय सदस्यों और रेजिडेंट्स द्वारा लगभग 130 मौखिक और पोस्टर प्रस्तुति दी गई, जो चिकित्सा जगत के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगी। कॉन्फ्रेंस के दौरान डॉ. उमा हांडा ने युवा रेजिडेंट्स के काम की प्रशंसा की।

## कवि कॉर्नर

कविता | डॉ. कमलेश मलिक



### समय की धार

सुपर पावर देश का बन स्वामी महान
ट्रंप ले आया हास्य विनोद का सामान
चार्ली चैपलिन से करतब दिखा- दिखा
तान लिया है उसने कीर्ति का वितान

चाहा था शांतिदूत का मिले पुरस्कार
अब भर रहा प्रतिदिन युद्ध में हुंकार
रह गया उलझ कर अपने ही जाल में
कमजोर नहीं दुश्मन , दे रहा ललकार

वर्चस्व जमाने कभी पहुंचा था वियतनाम
आठ साल लड़कर भी हुआ था नाकाम
अफगानिस्तान ने भी छक्के छुड़ा दिए भाग
कर आकाश का आंचल लिया थाम।

इजराइल ने खींच लिए अपने तीर कमान
ट्रंप महाशय हंस कर बदलते रोज बयान
कूटनीति या पटाक्षेप ? है विश्व अचंभित
रही-सही साख कहीं ना ले बैठे ईरान!

निष्फल सारे हो गये महाशक्ति के वाण
कोई चारा नहीं जो मिले तेल की खान
काट के घोड़े कहां लड़ें मैदानी जंग
अमरीकी जनता दे दे अपने गुरु को ज्ञान

चिंतक की मुद्रा में है भारत का व्यवहार
नाप रहा है, तोल रहा वह समय की धार
तूफानी आहट का है आभास उसे भी जो
नौका पार उतारे वह ढूंढ रहा पतवार।

कविता | सुधीर ढांडा कौल



### सांसें भी घुटने लगी

अब धीरे धीरे गर्मी बढ़ने लगी है,
देखो हर चीज अब तपने लगी है।

बिन बिजली के गाँव व शहर में,
देखो सांसें भी अब घुटने लगी हैं।

घर से बाहर कोई कैसे निकले,
गर्म गर्म हवाएं जो चलने लगी हैं।

लोग अपने घरों में दुबकने लगे,
बाजारों की रौनक भी खोने लगी हैं।

गर्मी से पशु पक्षी सब हाँपने लगे,
तालाब बावड़ी सब सूखने लगी हैं।

जानवर जंगल से दूर भागने लगे,
जंगल में आग जो सुलगने लगी है।

होंठ सूखे से रहते हैं अब 'सुधीर,
अब प्यास भी ज्यादा लगने लगी है।

## मोटिवेशनल

### आत्म-अनुशासन ही सफलता की कुंजी



विपुल शर्मा
मोटिवेशनल स्पीकर

आज का युवा सफल होना चाहता है। अच्छा करियर, पहचान, सम्मान और आत्मनिर्भर जीवन। अवसर भी पहले से कहीं अधिक हैं, संसाधन भी उपलब्ध हैं, लेकिन इसके बावजूद असंतोष, भ्रम और असफलता की भावना बढ़ती जा रही है। इसका कारण प्रतिभा या अवसरों की कमी नहीं, बल्कि उस मूल गुण की अनदेखी है जिस पर सफलता टिकती हैः आत्म-अनुशासन। हम अक्सर प्रेरणा की तलाश में रहते हैं। मोटिवेशनल वीडियो देखते हैं, किताबें पढ़ते हैं, सेमिनार सुनते हैं लेकिन सच्चाई यह है कि प्रेरणा क्षणिक होती है, जबकि आत्म-अनुशासन वह शक्ति है जो बिना प्रेरणा के भी हमें आगे बढ़ाता है। जब मन न हो, तब भी सही काम करना, यही आत्म-अनुशासन है। आत्म-अनुशासन का अर्थ है, आराम से बाहर निकलकर प्रयास करना, बहानों को पहचानकर उनसे ऊपर उठना और लक्ष्य के प्रति ईमानदार रहना। दुनिया का कोई भी सफल व्यक्ति केवल प्रतिभा या भाग्य के कारण नहीं, बल्कि अनुशासन के कारण आगे बढ़ा है। प्रतिभा अवसर दिला सकती है, लेकिन अनुशासन ही उस अवसर को परिणाम में बदलता है। आज की सबसे बड़ी चुनौती अवसरों की कमी नहीं है, बल्कि ध्यान भटकाने वाले साधनों की भरमार है। मोबाइल फोन, सोशल मीडिया, तुरंत सफलता की चाह और दूसरों से तुलनाः ये सभी युवा को अस्थिर बनाते हैं। ऐसे समय में आत्म-अनुशासन ही वह कवच है, जो व्यक्ति को अपने लक्ष्य पर टिके रहने की शक्ति देता है। आत्म-अनुशासन किसी एक दिन में विकसित नहीं होता। यह रोज के छोटे-छोटे निर्णयों से बनता है। समय पर उठना, रोज कुछ नया सीखना, स्क्रीन टाइम को सीमित करना, जिम्मेदारी निभाना और खुद से किया गया वादा निभाना। यही छोटी आदतें लंबे समय में बड़े परिणाम देती हैं। आज का युवा चाहे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा हो, सरकारी नौकरी का सपना देख रहा हो, स्टार्टअप शुरू करना चाहता हो या किसी कौशल में विशेषज्ञ बनना चाहता हो- हर रास्ते की पहली शर्त आत्म-अनुशासन है। बिना अनुशासन के मेहनत बिखर जाती है। हमें यह भी समझना होगा कि असफलता अंत नहीं है। असफलता अक्सर अनुशासन की परीक्षा होती है। जो युवा गिरकर सीखता है और अनुशासन के साथ दोबारा उठता है, वही आगे चलकर मजबूत बनता है। आज जरूरत प्रेरणा से अधिक अनुशासन की है क्योंकि आत्म-अनुशासन ही वह आदत है, जो हर सपने को हकीकत में बदलने की ताकत रखती है।

## लघु कथा

### नैतिकता



डॉ. तबस्सुम जहां
कहानीकार

'सर आपको जन्मदिन बहुत-बहुत मुबारक।'

ओह संगीता, बहुत शुक्रिया। क्या हमारे जन्मदिन पर मुंह मीठा नहीं कराओगी?

संगीता को खटका हुआ। सर के इस वाक्य का आशय वह भली-भांति जानती है। एक साल से वह झेल रही है कि उसके निर्देशक कैसे पढ़ाते -पढ़ाते बिना बात विषय प्रेम और सेक्स से जोड़ देते हैं। वह अक्सर उनकी इन हरकतों पर सकपका जाया करती थी। चूंकि संगीता एक खुद्दार और स्वाभिमानी लड़की थी इसलिए डॉ. विमल कुमार के किसी झांसे में नहीं फंसती थी। कभी सख्ती से उनसे बोल भी देती 'प्लीज़ सर मुझसे ऐसी बातें न किया करें।'

उनकी बातों के लिजलिजेपन को वो बीते एक साल से झेल रही थी पर पीएचडी अटक जाने के डर से न तो सुपरवाइज़र बदल सकती थी और न ही परिस्थितियों से भाग सकती थी। और डॉ. विमल कुमार थे कि जब-तब उसके सामने प्रेम आग्रह करते रहते।

उस दिन भी विमल कुमार ने उसे टोका- 'फिर क्या सोचा संगीता तुमने'

'माफ़ कीजिए सर, आप मेरे गुरु हैं, मैं आपको पिता तुल्य मानती हूं। मेरी नैतिकता इसकी इजाज़त नहीं देती। आप मेरे पिता समान हैं।'

'तो एक काम करो, तुम मुझे पिता समझ कर गले लगा लो और मैं तुम्हें अपनी गर्लफ्रेंड समझ कर गले लगा लेता हूँ।' दोनों की नैतिकता बची रहेगी।

संगीता के शरीर में काटो तो खून नहीं। वह आवाक़ रह गई। आज उसे नैतिकता का नया पाठ पढ़ाया गया है, वो भी शिक्षा के मंदिर में। उसने घृणा से सिर झुका लिया।

## कुछ हटकर

# बी. टेक सीएससी के बाद करियर विकल्प



डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर


डिजिटल युग के सबसे प्रतिष्ठित पेशे बी.टेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) एक चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है जो विद्यार्थियों को कंप्यूटर सिस्टम, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डेटा प्रोसेसिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नेटवर्किंग जैसी आधुनिक तकनीकों की गहन समझ प्रदान करता है। इस कोर्स के दौरान विद्यार्थियों को प्रोग्रामिंग लैंग्वेज , डेटा स्ट्रक्चर, एल्गोरिद्म, डेटाबेस मैनेजमेंट, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी और मशीन लर्निंग जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल कोडिंग सिखाना नहीं है, बल्कि उन्हें तकनीकी समस्या समाधान, तार्किक सोच, और नवाचार की दिशा में सक्षम बनाना है।

### उच्च शिक्षा के मौके

कंप्यूटर साइंस के क्षेत्र में अनेक शाखाएँ हैं, जिनके माध्यम से विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार विशेषज्ञता प्राप्त कर सकते हैं। बी.टेक सीएसई के बाद विद्यार्थी अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाकर विशेषज्ञता और करियर अवसर दोनों बढ़ा सकते हैं।

### उच्च शिक्षा कार्यक्रम

- मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी
- मास्टर ऑफ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डेटा एनालिटिक्स
- साइबर सिक्योरिटी, या क्लाउड कंप्यूटिंग
- अंतरराष्ट्रीय सर्टिफिकेशन
- अमेज़न वेब सर्विस
- माइक्रोसॉफ्ट अजोर
- गूगल क्लाउड
- सिस्को सीसीएनऐ
- कॉम्प टीए सिक्योरिटी



### आवश्यक कौशल

कंप्यूटर साइंस स्नातकों के लिए केवल तकनीकी ज्ञान पर्याप्त नहीं है। सफल करियर के लिए विद्यार्थियों में तार्किक एवं विश्लेषणात्मक सोच, समस्या समाधान और नवाचार की क्षमता, प्रोग्रामिंग एवं कोडिंग दक्षता, डेटा विश्लेषण एवं साइबर सुरक्षा समझ आदि क्षमताओं का होना आवश्यक है।

### निजी क्षेत्र में विकल्प

डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के इस युग में बी.टेक सीइसई स्नातकों की मांग देश-विदेश दोनों में लगातार बढ़ रही है। टेक कंपनियां, बैंकिंग सेक्टर, फिनटेक, ई-कॉमर्स, और क्लाउड-आधारित उद्योगों में इनकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है।

**ये मिल सकता है वेतन :** निजी क्षेत्र में प्रारंभिक वेतन 4 से 8 लाख वार्षिक के बीच होता है, जो अनुभव और विशेषज्ञता के साथ 15 से 25 लाख वार्षिक या उससे अधिक तक पहुँच सकता है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेज़न, इनफ़ोसिस, टीसीएस, एक्सेंचर, और आईबीएम जैसी कंपनियाँ इन स्नातकों को उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती हैं।

### सरकारी क्षेत्र में मौके

सरकारी संस्थानों और सार्वजनिक उपक्रमों में भी कंप्यूटर साइंस स्नातकों के लिए अनेक अवसर उपलब्ध हैं। विद्यार्थी तकनीकी सेवाओं, अनुसंधान, साइबर सुरक्षा और डेटा प्रबंधन से जुड़ी सरकारी नौकरियों में योगदान दे सकते हैं।

**ये मिल सकता है वेतन :** सरकारी क्षेत्र में बैचलर ऑफ फार्मेसी स्नातक की प्रारंभिक आय 4 से 6 लाख वार्षिक होती है, जबकि उच्च पदों और अनुभव के साथ यह आय 12 से 15 लाख वार्षिक तक हो सकती है।

*किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह ज़रूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप www.careerjaano.com पर भी विज़िट कर सकते हैं।*

## हिसार में हुई प्रतियोगिता से राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ विश्वविद्यालय का नाम

# जीजेयू में कबड्डी के ऑल इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में एमडीयू की टीम बनी उपविजेता



रोहतक। ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में खिलाड़ियों को सम्मानित करते खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल । फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) की कबड्डी टीम ने गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय हिसार में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है।

टूर्नामेंट के दौरान एमडीयू की टीम ने लगातार बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया और कड़े मुकाबलों को जीतते हुए फाइनल तक पहुंची। फाइनल में कड़ी टक्कर के बावजूद टीम उपविजेता रही, लेकिन खिलाड़ियों के जज्बे और संघर्ष ने सभी का दिल जीत लिया।

खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में टीम और भी बड़े मुकाम हासिल करेगी। टीम मैनेजर डॉ. मस्तराम और कबड्डी कोच विकास कुमार ने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि टीम ने एकजुट होकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और आगे भी इसी तरह बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## दूसरे सीओएएस कप बॉक्सिंग में मुस्कान संजू और अनामिका ने जीता सोना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दूसरे सीओएएस कप बॉक्सिंग टूर्नामेंट में जिले की तीन महिला मुक्केबाजों ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। 75 किग्रा भार वर्ग में मुस्कान, संजू और 51 किग्रा भार वर्ग में अनामिका ने अपनी मेहनत और लगन से प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर तीनों खिलाड़ियों का इंडिया कैंप में चयन किया गया। अब तीनों खिलाड़ियों ने एशियन बॉक्सिंग गेम्स व राष्ट्रमंडल गेम्स के लिए ट्रायल देने के लिए क्वालिफाई कर लिया।





कोच विनोद और कोच नवीन खोखर ने बताया कि यह टूर्नामेंट 1 से 4 अप्रैल तक महाराष्ट्र के पुणे स्थित आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में कुल 194 मुक्केबाज (100 पुरुष और 94 महिला) हिस्सा ले रहे थे। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। मुस्कान ने वर्ष मुस्कान 2016 में बॉक्सिंग खेलना शुरू किया और तभी से उनका यह सफर जारी है। मुस्कान ने बताया कि पिता एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं, मां संगीता एक निजी अस्पताल में नौकरी करती हैं और तीन भाई-बहन हैं। उनके बॉक्सिंग के सफर में पिता का संघर्ष छिपा है। उन्होंने बताया कि पिता विशाल बेनीवाल ने मेरे सपनों के लिए 2017 में अपनी नौकरी छोड़ दी। वह रोज सुबह-शाम अभ्यास के लिए कोच नवीन खोखर के पास राजीव गांधी स्टेडियम लेकर जाते। 2022 में एशियन चैंपियनशिप, नेशनल चैंपियनशिप और ऑल इंडिया में यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में स्वर्ण जीता। 2023 में न खेलो इंडिया, 2024 में खेलों इंडिया यूथ गेम्स,

अनामिका ने बताया कि 2016 में खेलना शुरू किया था। 2018 में वर्ल्ड यूथ गेम्स में रजत पदक जीता। चार बार सीनियर नेशनल प्रतियोगिता में भी बाजी मारी। 2024 में ब्रिक्स गेम्स व एलोर्डा कप में स्वर्ण पदक जीता। 2025 नेशनल प्रतियोगिता स्वर्ण पदक जीता। पिता देवेंद्र हेल्थ इंस्पेक्टर हैं, मां सीमा गृहिणी व दो भाई-बहन है। उत्तम विहार कॉलोनी में रहते हैं।

खिलाड़ी संजू ने बताया कि 2016 में खेलना शुरू किया। मुझे शुरू से ही कोई खेल खेलना था इसलिए दौड़ लगाती थी। ओलंपिक में बॉक्सर मेरी कॉम के पदक जीतने के बाद मुझे भी प्रेरणा मिली। कोच विनोद से मुक्केबाजी के गुर सीखे। 2017 में नेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण, 2022 ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में रजत, 2023 नेशनल गेम्स में कांस्य, 2024 में आरईसी गेम्स में स्वर्ण 2025 में ओपन इंटरनेशनल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। पिता जयभगवान किसान हैं, मां मूर्ति देवी व चार भाई-बहन है।

## हॉफ मैराथन में एमडीयू की नीता ने पहला और रोहित ने दूसरा स्थान हासिल किया





**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के खिलाड़ियों ने हॉफ मैराथन में शानदार प्रदर्शन किया। लड़कियों में नीता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हॉफ मैराथन में पहला स्थान हासिल किया। वहीं, लड़कों में रोहित ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। यह प्रतियोगिता दिल्ली में आयोजित की गई। खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में टीम और भी बड़े मुकाम हासिल करेगी। कोच रमेश सिंधु ने भी विजेता खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि दोनों खिलाड़ियों ने पहले भी शानदार प्रदर्शन करके विवि का नाम रोशन किया है।



रोहतक। डाइट वितरित के बाद मौजूद खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

## फौजी भाईचारा संगठन ने खिलाड़ियों को बांटी डाइट

- संगठन के सेवा भाव और सहयोग की बदौलत ही राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीत चुके हैं यहां के खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रिटोली-कबूलपुर गाँव की चौपाल में पिछले पांच वर्षों से संचालित योग नर्सरी आज ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए वरदान साबित हो रही है। फौजी भाईचारा संगठन के सहयोग से यहाँ अभ्यास कर रहे गरीब परिवारों के खिलाड़ियों को निरंतर खेल डाइट, ड्रेस और अन्य मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसी कड़ी में हाल ही में खिलाड़ियों को पुनः खेल डाइट वितरित की गई। नर्सरी के कोच अरुण आर्य ने बताया कि संगठन के सेवा भाव और सहयोग की बदौलत ही यहाँ के खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीत चुके हैं। इतना ही नहीं, खेलो इंडिया जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में भी यहाँ के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

कोच अरुण आर्य ने फौजी भाईचारा संगठन के संचालक सचिन फौजी का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे हमेशा एक बड़े भाई की तरह खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि नर्सरी की एक राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी आगामी जून माह में गुजरात में आयोजित होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप योगासन प्रतियोगिता में देश और प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। यह पूरे क्षेत्र और संगठन के लिए गर्व का विषय है।

## खिड़वाली, भाली आनंदपुर और मोखरा में खेल नर्सरी के लिए ट्रायल आज

**रोहतक।** हरियाणा सरकार की खेल नर्सरी योजना के तहत ग्रामीण प्रतिभाओं को तराशने के लिए 6 अप्रैल को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खिड़वाली में वॉलीबॉल, भाली आनंदपुर में फुटबॉल और मोखरा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक में कबड्डी नर्सरी के लिए चयन प्रक्रिया (ट्रायल) का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य गाँव के प्रतिभावान बच्चों को सही मंच प्रदान करना है ताकि वे भविष्य में खेल जगत में अपनी पहचान बना सकें। खिड़वाली खेल नर्सरी के लिए ट्रायल सुबह 9:00 बजे, मोखरा में सुबह 10 और भाली में शाम 4 बजे शुरू होगा। चयन प्रक्रिया कोच और विशेषज्ञों की देखरेख में पूरी तरह से योग्यता और प्रदर्शन के आधार पर संपन्न होगी। इस योजना के तहत चयनित खिलाड़ियों को सरकार द्वारा मासिक आहार भत्ता (स्कॉलरशिप) भी दिया जाएगा। 8 से 14 वर्ष के चयनित बच्चों को 1500 रुपये प्रति माह और 14 से 19 वर्ष के चयनित खिलाड़ियों को 2000 रुपये प्रति माह आहार भत्ता दिया जाएगा। ट्रायल के लिए आने वाले सभी इच्छुक खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड, फैमिली आईडी (परिवार पहचान पत्र), दो पासपोर्ट साइज फोटो, जन्म प्रमाण पत्र लाना होगा।

## भारतीय सेना के लिए शिविर में जुटाया 172 यूनिट ब्लड, सुरेंद्र जेटली ने 149वीं बार किया रक्तदान

- एसएस सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लगाया कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



माता दरवाजा गोकर्ण रोड स्थित एमएस सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हम और आप सोशल वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में भारतीय सेना के लिए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सशस्त्र सेना आधान केंद्र दिल्ली से आई रक्तकोष टीम द्वारा रक्त एकत्रित किया गया। इस रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद चेयरमैन मंजू हुड्डा व भू -अधिकारी संदीप बत्तरा नगर निगम एवं रहे। इस शिविर में रक्तदाताओं की संख्या लगभग 182 से अधिक रही, जिसमें सुरेंद्र जेटली द्वारा 149वीं बार रक्तदान ,गुरप्रीत सिंह द्वारा और गोविंद शर्मा ने 40 वीं बार रक्तदान किया गया। शिविर में लगभग 172 यूनिट रक्त प्राप्त किया गया। स्वेच्छा रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार द्वारा सम्मानित किया गया । इस रक्तदान शिविर का उद्देश्य थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों के लिए उचित समय पर रक्त पहुंचा कर समाज को थैलेसीमिया मुक्त बनाना है। विद्यालय के निदेशक हिमांक मित्तल एवं प्रधानाचार्य रितू ने शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों और समाज को यह संदेश दिया है कि रक्तदान महादान है। आपातकालीन समय पर रक्तदान करके किसी को जीवन दान दिया जा सकता है।

## भारत विकास परिषद ने की भगत सिंह शाखा के नए दायित्वधारियों की घोषणा

**रोहतक।** भारत विकास परिषद्, हरियाणा मध्य प्रांत के प्रांतीय नेतृत्व द्वारा भगत सिंह शाखा के नए दायित्वधारियों की घोषणा की गई। परिषद परिवार ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल, सफल एवं प्रेरणादायी कार्यकाल की मंगलकामनाएं प्रेषित कीं। प्रांतीय अध्यक्ष दीपक जिंदल ने सभी नवनियुक्त दायित्वधारियों का बड़े ही सुंदर, प्रेरणादायी एवं भावनात्मक रूप में परिचय करवाया। उन्होंने परिषद् के उद्देश्यों, कार्यशैली एवं समाजहित में किए जा रहे सेवा, संस्कार, सहयोग, संपर्क एवं समर्पण आधारित कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत विकास परिषद् समाज के बीच निरंतर सामाजिक, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय एवं मानवीय मूल्यों को सशक्त करने हेतु समर्पित भाव से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया शाखा अध्यक्ष ओम प्रकाश मित्तल (एडवोकेट),शाखा सचिव पंकज गोयल, शाखा कोषाध्यक्ष श्याम लाल गर्ग, मीडिया प्रभारी हरिओम गोयल को नवदायित्व दिया गया है। नवनियुक्त दायित्वधारियों ने प्रांतीय नेतृत्व, वरिष्ठजनों एवं सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि वे परिषद् के मूल मंत्र "सेवा, संस्कार, सहयोग, संपर्क एवं समर्पण" को आत्मसात कर संगठन को नई ऊर्जा, नई पहचान और नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। नई टीम के नेतृत्व में भारत विकास परिषद्, भगत सिंह शाखा सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए समाजहित में उल्लेखनीय कार्य करेगी।

## संगठनों ने लिया फैसला: अमेरिकी आक्रामकता के खिलाफ रोहतक में 9 को बनाएंगे मानव शृंखला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



अमेरिकी साम्राज्यवादी आक्रामकता और युद्ध के खिलाफ रोहतक के विभिन्न सामाजिक व जन संगठनों ने 9 अप्रैल को हुडा सिटी पार्क में सभा कर मानव शृंखला बनाने का निर्णय लिया है। यह फैसला स्थानीय जसबीर स्मारक में आयोजित संयुक्त बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता सीटू के वरिष्ठ नेता सतबीर सिंह ने की। बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा के नेता सुमित और सीटू जिला सचिव कामरेड विनोद ने कहा कि अमेरिका और इजराइल की नीतियों के कारण विश्व शांति को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि फिलिस्तीन और गाजा में जारी हिंसा के बाद अब ईरान पर हमले से वैश्विक स्तर पर संकट गहराता जा रहा है, जिससे ऊर्जा संकट और महंगाई बढ़ रही है। वक्ताओं ने कहा कि इन परिस्थितियों का असर भारत पर भी पड़ रहा है, जहां तेल-गैस की कीमतों और आर्थिक दबाव में वृद्धि हो रही है। उन्होंने भारत सरकार की विदेश नीति पर भी सवाल उठाए।

## धांधलान गांव में जन्मदिन पर शिविर लगा एकत्रित किया 69 यूनिट रक्त

**रोहतक।** रविवार को मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट के सहयोग से धांधलान गांव में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 69 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस रक्तदान शिविर का आयोजन गांव के ही अंकित अहलावत और राहुल अहलावत के जन्मदिवस के अवसर पर ग्राम वासियों की ओर से किया गया था। जिस दौरान ट्रस्ट के संस्थापक तस्वीर हुड्डा ने दोनों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही भविष्य में नेक कार्य करते रहने की प्रेरणा दी। शिविर के आयोजक राहुल, अंकित और अखिल ने बताया कि इस रक्तदान शिविर के अंदर गांव के सभी युवाओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस रक्तदान शिविर में अंकित ने 19 वीं बार, राहुल ने 25 वीं बार, अखिल ने 9वीं बार, डॉक्टर अमित ने 79 वीं बार। साथ ही राहुल नेहरा, प्रवीन मलिक, कदम, नवीन, दीपक, आकाश, सुमित, दिनेश, अनुज, मंदीप, संदीप, रवि, रोहित आदि ने भी रक्तदान किया।

## जीवन मूल्यों पर किया बच्चों का मार्ग दर्शन



**रोहतक।** माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नए भवन में "बाल संस्कार कार्यक्रम" का आयोजन किया गया, जो बच्चों के नैतिक और सांस्कृतिक विकास पर केंद्रित रहा। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सीएलजी इंचार्ज विकास बंसल ने दीप प्रज्वलित कर की। प्रारंभ में राम अवतार शास्त्री ने बच्चों को जीवन मूल्यों पर मार्गदर्शन दिया। इसके बाद संजय चावला और ओमप्रकाश विरमानी ने भजनों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। डा. पुष्पलता आहुजा ने अपने संबोधन में संस्कारों को "बीज" बताते हुए कहा कि यही आगे चलकर बच्चों के जीवन में वृक्ष बनकर फलते-फूलते हैं। उन्होंने सेवा, पुरुषार्थ और परमार्थ के महत्व पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के बच्चों ने भी अपनी प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।

## सुशील गुप्ता का सरकार पर हमला बोले- पेड़ों का किया गया कत्ल

**रोहतक।** सेक्टर-6 स्थित बाग में पेड़ों की कटाई को लेकर आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता ने हरियाणा सरकार पर तीखा हमला बोला। वे भाजपा कार्यकर्ता महाराज सिंह के साथ रविवार को मौके का निरीक्षण करने पहुंचे थे। सुशील गुप्ता ने कहा कि वर्षों पहले बुजुर्गों द्वारा लगाए गए पेड़ों को कुछ स्वार्थी लोग उजाड़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार एनजीटी और हाईकोर्ट के आदेशों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने मांग की कि सैकड़ों पेड़ों को उखाड़ने वाले दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। गुप्ता ने कहा कि नियमों के अनुसार पेड़ों का री-प्लांटेशन होना चाहिए था, लेकिन उन्हें मशीनों से गिरा दिया गया, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पुरखों की जमीन पर कब्जे की कोशिश की जा रही है।

**कार्यक्रम** दयानंद मठ में वैदिक सत्संग और गुरुद्वारा टिकाणा साहिब में 34वां सालाना अखंड पाठ और कीर्तन समारोह

# शुद्ध आचार-विचार, स्वाध्याय और सत्संग को जीवन में अपनाएं



रोहतक। मासिक वैदिक सत्संग में प्रवचन देते मुख्य वक्ता वैदिक विद्वान डॉ. प्रमोद योगार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा द्वारा दयानंद मठ में मासिक वैदिक सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9 बजे यज्ञ से हुआ, जिसकी अध्यक्षता वेदप्रचाराधिष्ठाता स्वामी सच्चिदानंद ने की। यज्ञ में सोमदेव वर्णी, यजमान राजेश आर्या, जयभगवान आर्य, कमलेश व धर्मराज आर्य सहित अन्य श्रद्धालु शामिल हुए।

सत्संग में रणवीर आर्य, राजकुमार आर्य, सतवीर आर्य, कृतिका आर्या व निर्मला आर्या ने भजन और प्रवचनों के माध्यम से देशभक्ति, वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों और महर्षि दयानंद के विचारों पर प्रकाश डाला। मंच संचालन सुभाष सांगवान ने किया और उन्होंने महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने व बच्चों को सत्संग से जोड़ने का आह्वान किया।

मुख्य वक्ता वैदिक विद्वान डॉ. प्रमोद योगार्थी ने मानव जीवन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए पांच प्रकार के यज्ञों के महत्व को बताया। उन्होंने शुद्ध आचार-विचार, स्वाध्याय और सत्संग को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विजय पाल सिंह, आचार्य सन्तराम, जगदेव सिंह विद्यालंकार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अंत में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ और ऋषि लंगर का आयोजन किया गया।

## नाम सिमरन करने व मानव सेवा को जीवन का मुख्य उद्देश्य बनाने का दिया संदेश





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गुरुद्वारा टिकाणा साहिब में 33 वां सालाना अखंड पाठ एवं महान कीर्तन समारोह श्रद्धा व उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरु वाणी का श्रवण किया और आशीर्वाद प्राप्त किया।

समारोह में महंत दिलबाग सिंह और बाबा कपिल पूरी महाराज ने प्रवचन देते हुए संगत को गुरु के मार्ग पर चलने, नाम सिमरन करने और मानव सेवा को जीवन का मुख्य उद्देश्य बनाने का संदेश दिया। महंत दिलबाग सिंह सेवापंथी ने प्रवचनों से संगतों को निहाल किया,गद्दी नशीन बाबा कुलदीप सिंह बेदी के सहयोग से समागम मनाया गया। भाई चमनजीत सिंह लाल व गुरबाणी कीर्तन द्वारा गुणगान किया हजारों की संख्या में संगते नतमस्तक हुई। उन्होंने कहा कि गुरु की शिक्षाएं हमें सत्य, सेवा और भाईचारे की राह दिखाती हैं, जिन्हें अपनाकर समाज में सुख-शांति स्थापित की जा सकती है। कीर्तन के दौरान रागी जत्थों ने मधुर शब्द गायन कर संगत को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम के समापन पर अरदास की गई और गुरु का लंगर भी वितरित किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर विधायक भारत भूषण बत्रा, भाजपा युवा नेता हिमांशु ग्रोवर, पूर्व सांसद शादी लाल बत्रा, सीता राम सचदेवा, वेद इशपुनियानी, गुरप्रीत सिंह कोचर, हरिश कवातडा, पूर्व पार्षद गुलशन ईशपुण्यानी, विकी कवातडा व प्रीतम सिंह आदि काफी संख्या में गणमान्य संगत उपस्थित रहे।



## श्रीबालाजी धाम डोभ में भव्य संकीर्तन जयकारों के साथ पहुंची पैदल ध्वजा यात्रा

रोहतक। भिवानी रोड स्थित श्रीबालाजी धाम, गांव डोभ में रविवार को भव्य संकीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। धाम के संस्थापक प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल ने बताया कि यहां प्रत्येक रविवार दोपहर 12 से 3 बजे तक संकीर्तन, भंडारा एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाता है।उन्होंने बताया कि शिविर में आंखों, दांतों की जांच, फिजियोथेरेपी, दवाइयों और देशी वैद्य द्वारा उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। जरूरतमंदों को निशुल्क दवाइयां और चश्मे भी वितरित किए जाते हैं। संकीर्तन कार्यक्रम में कविता झज्जर, अमन कौशिक और अमित कौशिक ने बालाजी के भजनों का सुंदर गुणगान किया, वहीं रिंकू महादेव ने आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस दौरान 83वीं पैदल ध्वजा यात्रा भी श्री दुर्गा भवन मंदिर, भिवानी स्टैंड से सुबह 9 बजे ज्योत प्रज्वलित कर धाम के लिए रवाना हुई। श्रद्धालु जय श्री राम के जयकारों के साथ ध्वजा लेकर पहुंचे। यात्रा के दौरान दो स्थानों पर विश्राम की व्यवस्था रही। धाम पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुमन बाला एवं उनके परिवार द्वारा वाटर कूलर भी भेंट किया गया। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य लोग एवं भक्तजन उपस्थित रहे।

# सड़कों की मरम्मत, अब बस अड्डे से वीटा प्लांट तक नहीं कोई गड्ढा

- कई साल से चली आ रही समस्या, से मिली राहत, नहीं लगेंगे हिचकोले
- यहां हादसों में घायल हो चुके थे कई, मिलेगी राहत, लोगों ने किया स्वागत
- दिल्ली से चंडीगढ़, जींद, भिवानी के हजारों वाहन गुजरते हैं रोजाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरिभूमि इंपैक्ट

लंबे समय से बदहाल पड़ी नया बस अड्डा से वीटा प्लांट तक की सड़क आखिरकार प्रशासन की नजर में आ ही गई। वर्षों से गहरे गड्ढों और टूटी सड़क के कारण परेशान हो रहे वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को अब बड़ी राहत मिली है। हरिभूमि द्वारा इस समस्या को प्रमुखता से उठाने के बाद प्रशासन हरकत में आया और सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू करवाया गया। इस मार्ग पर रोजाना हजारों वाहनों का आवागमन होता है। दिल्ली, चंडीगढ़, जींद, भिवानी, हिसार और पंजाब की ओर जाने वाले वाहन इसी रास्ते से गुजरते हैं। भारी ट्रैफिक के बावजूद सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी थी। जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए थे, जिससे आए दिन हादसे हो रहे थे। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह रास्ता बेहद खतरनाक बन गया था। कई बार लोग संतुलन खोकर गिर जाते थे और घायल हो जाते थे। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों ने कई बार प्रशासन से शिकायत की, लेकिन लंबे समय तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। समस्या धीरे-धीरे गंभीर होती चली गई। बरसात के दिनों में हालात और भी बदतर हो जाते थे, क्योंकि गड्ढों में पानी भर जाने से उनका अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता था।

## लोग बोले, समस्या का स्थायी समाधान किया जाए

हरिभूमि ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए लगातार खबरें प्रकाशित कीं। इसके बाद प्रशासन ने स्थिति का संज्ञान लिया और संबंधित विभाग को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। अब सड़क पर बने गहरे गड्ढों को भरने का काम शुरू कर दिया गया है। कई जगहों पर मरम्मत का कार्य पूरा भी हो चुका है, जिससे वाहन चालकों को काफी राहत महसूस हो रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया है, लेकिन साथ ही यह भी मांग की है कि केवल गड्ढे भरने से समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। उन्होंने सड़क का पूरी तरह से पुनर्निर्माण कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी समस्या दोबारा न उत्पन्न हो। वाहन चालकों का कहना है कि यह मार्ग क्षेत्र की मुख्य सड़कों में से एक है, इसलिए इसकी नियमित देखरेख जरूरी है। अगर समय-समय पर मरम्मत होती रहे, तो न केवल हादसों में कमी आएगी बल्कि यातायात भी सुगम रहेगा। प्रशासन का कहना है कि फिलहाल प्राथमिकता के आधार पर गड्ढों को भरा जा रहा है और जल्द ही सड़क के व्यापक सुधार की योजना भी तैयार की जाएगी। अब देखना वाली



बात यह होगी कि भविष्य में इस सड़क की स्थिति को बेहतर बनाए रखने के लिए प्रशासन कितनी गंभीरता से काम करता है।

# सेक्टर-4 एक्सटेंशन की सड़क निर्माण में देरी पर भड़के लोग

- तीन बार ठेकेदार बदलने के बावजूद काम अधूरा
- लोगों की अब एचएसवीपी के घेराव की तैयारी
- सीएम विंडो से लेकर उपायुक्त तक शिकायतें बेअसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सेक्टर-4 एक्सटेंशन में सड़क निर्माण कार्य में लगातार हो रही देरी से स्थानीय निवासी अब आक्रोशित हो गए हैं। सीएम विंडो, मुख्यमंत्री और उपायुक्त को कई बार शिकायत देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने पर सेक्टरवासियों ने अब हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के खिलाफ मोर्चा खोलने का निर्णय लिया है।

सेक्टर के प्रधान सुखबीर माथुर ने इस संबंध में एक पोस्टर जारी कर क्षेत्रवासियों से राय मांगी है और आगामी सप्ताह में कार्यालय का घेराव करने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि सेक्टर-4 एक्सटेंशन की सड़क पिछले लंबे समय से अधूरी पड़ी है। हैरानी की बात यह है कि अब तक तीन बार ठेकेदार बदले जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया। वर्तमान में भी काम पूरी तरह बंद पड़ा है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सेक्टरवासियों ने बताया कि सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि दिनभर धूल उड़ती रहती है, जिससे सांस संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। वहीं बारिश के मौसम में हालात और भी बदतर हो जाते हैं। कीचड़ और जलभराव के कारण लोगों का घर से बाहर निकलना तक मुश्किल हो जाता है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है।



### समाधान के लिए गुहार फिर भी समाधान नहीं

प्रधान सुखबीर माथुर ने कहा कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित विभाग की लापरवाही के कारण सेक्टरवासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। हमने हर स्तर पर अपनी बात रखी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसलिए अब हमें मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है।

### विभाग के घेराव में भाग लेने की अपील

उन्होंने सेक्टरवासियों से एकजुट होकर घेराव में भाग लेने की अपील की है, ताकि प्रशासन पर दबाव बनाया जा सके और जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य पूरा कराया जा सके। सेक्टरवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### इसी खराब रास्ते की लोगों ने तेरहवीं करने की बनाई थी योजना

सेक्टरवासियों ने परेशान होकर इसी सड़क की तेरहवीं करने का निर्णय बना लिया था। यहीं नहीं इसके लिए जगबीर राठी को नोडल आफिसर तक घोषित किया था। लेकिन इसके ठीक दो दिन बाद ही विभाग से मैसेज मिला कि आपका ठेकेदार बदल दिया है। वह अब इस काम को शुरू करेगा। जल्द ही इस सीवर लाइन को दबाकर आपकी सड़क का निर्माण कर दिया जाएगा। ताकि सेक्टर के लोगों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# बैठक में पेंशनर की मांगों पर मंथन, एकजुटता का आह्वान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा स्टेट पेंशनर समाज की मासिक बैठक मानसरोवर पार्क स्थित सीनियर सिटीजन क्लब में आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में पदाधिकारी व पेंशनर शामिल हुए। बैठक में राज्य प्रधान वीरेंद्र शर्मा, राज्य चेयरमैन मेहर सिंह नैन, महासचिव रोशनी हुड्डा, उप प्रधान धर्मकौर और कोषाध्यक्ष तुही राम शर्मा सहित कई गणमान्य मौजूद रहे। मंच संचालन रोशनी हुड्डा ने किया। बैठक में राज्य प्रधान वीरेंद्र शर्मा और चेयरमैन मेहर सिंह नैन ने संयुक्त रूप से पेंशनरों से संगठन की सदस्यता बढ़ाने और अपनी मांगों के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि 29 व 30 अप्रैल 2026 को जयपुर में ऑल इंडिया स्टेट्स पेंशनर फेडरेशन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होगी, जिसमें हरियाणा से करीब 9 पदाधिकारी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि इस बैठक में पेंशनरों की लंबित मांगों पर चर्चा कर राष्ट्रीय स्तर पर संघर्ष की रणनीति बनाई जाएगी।

# दुष्यंत ने रामधन हुड्डा के निधन पर जताया शोक

- दिवंगत पूर्व पार्षद विजेंद्र हुड्डा और लक्ष्मी दत्त को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला रविवार को धर्मेंद्र हुड्डा के पिता रामधन हुड्डा चमारिया के आकस्मिक निधन पर उनके निवास स्थान रोहतक पर पहुंचे और परिवार जनों के साथ शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। साथ में जिला रोहतक प्रभारी हरज्ञान मोखरा एवं जिलाध्यक्ष रोहतक डॉ संदीप हुड्डा मौजूद रहे। पार्षद विजेंद्र हुड्डा के निधन पर उनके निवास स्थान जगबीर कालोनी पहुंचे और शोक व्यक्त किया और परिवार के साथ दुख साझा किया। झज्जर चुंगी रोहतक गिरिराज शर्मा के पिता लक्ष्मी दत्त के निवास स्थान पहुंचकर उनके पिता के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकग्रस्त परिवार को यह गहन दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। दुष्यंत चौटाला ने हाल ही में प्रदेश में हुई भारी बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए व्यापक नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि फसलों में अत्यधिक नमी (मॉइश्चराइजर) के कारण किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है।

## गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ की एमडीयू में आम सभा आज

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में प्रशासन और गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ के बीच पिछले एक सप्ताह से जारी गतिरोध अब निर्णायक मोड़ पर पहुँच गया है। इसी कड़ी में 6 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के मुख्य द्वार पर संघ द्वारा एक विशाल आम सभा बुलाई गई है। संघ द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पिछले दिनों तीन दिवसीय धरना दिया गया था। कर्मचारियों का आरोप है कि इस विरोध प्रदर्शन के बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन ने उनकी जायज मांगों पर अब तक कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं की है।

# पश्चिमी विक्षोभ की वजह से रोहतक शहर की हवा बहुत खराब से संतोषजनक स्तर पर पहुंची

- 72 घंटे में पीएम 2.5 घटकर 260 से 72, तेज हवाओं व बारिश से प्रदूषण कम, पर किसानों की मुश्किलें बढ़ी

**रोहतक।** पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता ने जहां एक ओर मौसम का मिजाज बदला, वहीं रोहतक की हवा को भी राहत की सांस दे दी। बीते तीन दिनों में चली तेज हवाओं और रुक-रुककर हुई बारिश के चलते शहर का प्रदूषण स्तर तेजी से नीचे आया है। रविवार को 15 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं ने वातावरण में जमी धूल और प्रदूषक कणों को काफी हद तक साफ कर दिया। आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 72 घंटों में रोहतक में पीएम 2.5 का स्तर 260 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से घटकर 72 तक पहुंच गया। यह गिरावट सीधे तौर पर बहुत खराब श्रेणी से संतोषजनक श्रेणी में सुधार को दर्शाती है।

### बारिश से होता है प्रदूषण कम

विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के कारण हुई बारिश और तेज हवाएं प्रदूषण को कम करने में अहम भूमिका निभाती हैं। ये हवाएं वातावरण में मौजूद सूक्ष्म कणों को फैलाकर उनकी सांद्रता कम कर देती हैं, जबकि बारिश उन्हें जमीन पर बैठा देती है। इसी वजह से बीते दिनों में रोहतक की हवा में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला। अगर पीएम 2.5 के मानकों की बात करें तो 0 से 50 तक का स्तर अच्छा माना जाता है, जिसमें हवा पूरी तरह साफ रहती है और सेहत पर कोई खास असर नहीं पड़ता।

### बारिश से नुकसान

जहां एक ओर शहर में लोगों को साफ हवा से राहत मिली है, वहीं दूसरी ओर बेमौसमी बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। खेतों में खड़ी और कटी हुई फसलें बारिश की मार से खराब हो चुकी हैं। गेहूं का दाना काला पड़ने और नमी बढ़ने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसान अपनी बेबसी पर मन मसोसने को मजबूर हैं, क्योंकि इस नुकसान की भरपाई का फिलहाल कोई ठोस रास्ता नजर नहीं आ रहा। पश्चिमी विक्षोभ ने रोहतक की हवा को तो साफ कर दिया, लेकिन खेतों में खड़ी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

## कांग्रेस ने की मासिक मीटिंग

*रोहतक। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधायक भारत भूषण बत्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कुलदीप केडी द्वारा की गई। कार्यक्रम में पूर्व उप प्रधानमंत्री और महान स्वतंत्रता सैनानी बाबू जगजीवन राम की जयंती पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। बैठक में संगठन एवं स्थानीय मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष ग्रामीण कांग्रेस के बलवान रंगा व एसी सेल के जिलाध्यक्ष जितेंद्र बाल्मिकी व उनकी नवनियुक्त एसी सेल कांग्रेस कमेटी का भी स्वागत किया गया।*

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# सेक्टर-6 बाग में पेड़ों की कटाई के विरोध में जयहिंद का अनोखा प्रदर्शन, किया लकड़ियों का अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा सेक्टर-6 स्थित बाग में बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई के विरोध में सामाजिक कार्यकर्ता नवीन जयहिंद ने रविवार को अनोखा और भावनात्मक प्रदर्शन किया। जयहिंद ने कटे हुए पेड़ों की टहनियों को अर्थी पर रखकर हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार उनका अंतिम संस्कार किया और दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। नवीन जयहिंद अपने समर्थकों के साथ उस स्थान पर पहुंचे, जहां हाल ही में पेड़ों की कटाई की गई थी। वहां उन्होंने लकड़ियों और टहनियों को सफेद कपड़े में लपेटकर शव के रूप में अर्थी तैयार की। इसके बाद विधिवत मंत्रोच्चारण के बीच दाह संस्कार किया गया। इस दौरान समर्थकों ने गायत्री मंत्र का जाप किया और पर्यावरण संरक्षण के समर्थन में नारेबाजी भी की। प्रदर्शन के दौरान जयहिंद ने एचएसवीपी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि विकास के नाम पर बिना ठोस योजना के हरे-भरे पेड़ों को काटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि ये केवल लकड़ियां नहीं, बल्कि जीवित प्राणी थे, जिन्होंने वर्षों तक लोगों को ऑक्सीजन दी।



इस तरह की कटाई पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है। जयहिंद ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई पर तुरंत रोक नहीं लगाई गई, दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं हुई और बदले में नए पौधे नहीं लगाए गए, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# गांव बोहर में नालियों की सफाई न होने पर ग्रामीणों में रोष, खुद उठाया जिम्मा

- ग्रामीण कई दिनों से संबंधित पार्षदों को समस्या की दे रही जानकारी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव बोहर में दो-दो पार्षद होने के बावजूद नालियों की सफाई न होने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई दिनों से संबंधित पार्षदों को इस समस्या की जानकारी दे रहे थे, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इतना ही नहीं, फोन करने पर भी पार्षदों द्वारा कॉल नहीं उठाई जा रही है, जिससे लोगों में और भी आक्रोश बढ़ गया। स्थिति से परेशान होकर आज ग्रामीणों ने खुद ही नालियों की सफाई का जिम्मा उठाया। उनका कहना है कि गंदगी के कारण बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा था, जिसके चलते मजबूर होकर



उन्हें यह कदम उठाना पड़ा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने। इस सफाई अभियान में गांव के कई लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिनमें संदीप शर्मा, रामचंद्र नांदल, राहुल कश्यप सहित अन्य व्यक्ति शामिल रहे।

## जीजेयू हिसार के साहित्योत्सव 'अक्षरम' की रही क्रिएटिव पार्टनर

# सुपवा के छात्रों की क्रिएटिविटी को हिसार में मिली सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) के छात्र-छात्राओं की क्रिएटिविटी को तीन दिवसीय साहित्योत्सव 'अक्षरम' में जमकर सराहना मिली। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जीजेयू), हिसार में आयोजित किए गए 'अक्षरम' की क्रिएटिविटी पार्टनर डीएलसीसुपवा रही। इस दौरान सुपवा के छात्र-छात्राओं ने पेंटिंग, स्कल्पचर, पॉटरी आदि कलाओं का लाइव प्रदर्शन किया।

'अक्षरम' के दौरान डीएलसीसुपवा के छात्रों को अपनी प्रतिभाएं दिखाने के लिए अलग-अलग मंच व स्थान अलॉट किए गए। कहीं फिल्म एंड टेलीविजन के छात्रों नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया तो कहीं शारीरिक गति के मनोभाव का प्रदर्शन किया। लॉन एरिया में विजुअल आर्ट्स के छात्रों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा से 'अक्षरम' में पहुंचे अतिथियों व हिसारवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लाइव पेंटिंग, स्कल्पचर मेकिंग, पॉटरी आदि देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ती रही। लोग बार-बार छात्रों से उनकी प्रतिभा के बारे में जानकारी लेते नजर आए। पेंटिंग कोर्स की द्वितीय वर्ष छात्रा लक्षिता जांगड़ा ने विद्या की देवी मां सरस्वती की पेंटिंग बनाई, जो हिसार के एक परिवार को बेहद पसंद आई और उन्होंने इसकी खरीदारी की। डीएलसीसुपवा के कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने 'हरियाणा का साहित्य और पत्रकारिता में योगदान' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में विचार रखे।



**रोहतक।** डीएलसीसुपवा के कुलगुरु डॉ अमित आर्य व अन्य प्रोफेसरों को प्रॉडक्ट डिजाइन की जानकारी देते छात्रा।

### एफटीवी के छात्रों की प्रस्तुति से बांधा समां

जेजीयू के मुख्य ऑडिटोरियम के रिस्पेशन एरिया में सुपवा के फिल्म एंड टेलीविजन फैकेल्टी के छात्रों ने शारीरिक गति के मनोभाव का प्रदर्शन किया। छात्र प्रिंस, पुष्कर व सीनियर भारती की मूक अभिव्यक्ति व अदाकारी पर लगातार तालियां बजती रही। रवि मदीना व भारती के युगल डांस ने जमकर तालियां बटोरी, जबकि सपना के 'बोल तेरे मीठे-मीठे' गाने पर डांस को जमकर सराहना मिली।

### आर्ट एग्जीबिशन में प्रदर्शित कार्यों ने किया मंत्रमुग्ध

जीजेयू के मुख्य ऑडिटोरियम के क्रश हॉल में डीएलसीसुपवा के फैकेल्टी ऑफ डिजाइन, फैकेल्टी ऑफ विजुअल आर्ट्स, फैकेल्टी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन व फैकेल्टी ऑफ आर्किटेक्चर के अंतर्गत चल रहे विभागों की ओर से कराए जा रहे कार्यों को दर्शाया गया। जिसमें स्कल्पचर, चित्रकला, आर्किटेक्चर मॉडल, प्रॉडक्ट डिजाइन में बनाए गए फर्नीचर, लाइफ स्टाइल असेसरीज में बनाए गए डिजाइन व जूते शामिल रहे। यहीं पर एफटीवी के छात्रों की नेशनल व इंटरनेशनल अवार्ड वीनिंग फिल्मों के बारे में पोस्टर्स से जानकारी दी गई। एनिमेशन डिपार्टमेंट में बनाए गए चित्रों को प्रदर्शित किया गया। जबकि, एडवरटाइजिंग से संबंधित विभिन्न सामाजिक विषयों 'बेटी बचाओ', 'पर्यावरण संरक्षण' आदि पर बनाए पोस्टर प्रदर्शित किए गए। टेराकोटा और सिरेमिक से बने आर्टिस्टिक वर्क को भी एग्जीबिशन में शोकेस किया गया।